कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 30.07.2025

/प्रेस विज्ञप्ति/

### कन्या महाविद्यालय में

## राष्ट्रीय ग्रामीण स्वच्छता अभियान का आयोजन

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वय द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के तहत् राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव के निर्देश में स्वच्छता रैली निकाली गई। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने स्वच्छता के नारे लगाते हुए पांच बिल्डिंग निवासी कॉलोनी में 'स्वच्छता जागरूकता रैली' निकाली। तत्पश्चात् महाविद्यालय परिसर को पॉलीथीन (प्लास्टिक मुक्त) बनाने के लिए सफाई अभियान चलाया एवं अन्य छात्राओं को स्वच्छता हेतु प्रेरित करते हुए व्यक्तिगत रूप से परिसर को स्वच्छ रखने हेतु शपथ दिलायी। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन में बहुत आवश्यक है। पर्यावरण के प्रति जागरूक रखने हेतु हमें हमारे आसपास को प्लास्टिक विहीन करना होगा इससे पर्यावरण को हो रहा नुकसान भी रूकेगा।

इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें निम्नलिखित छात्राऐं भाग ली – कु0 सिमरन लाखे, हर्षिता, कविता मालेकर, हीम कुमारी देशमुख, नीतू देशमुख, ममता महानंद। स्वच्छता से संबंधित पोस्टर प्रदर्शनी की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक की डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव ने कार्यक्रम का संचालन किया एवं डॉ0 सुषमा यादव ने कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम की संयोजिका डॉ0 ऋतु दुबे ने छात्राओं को स्वच्छता हेतु प्रेरित किया। इस कार्यक्रम डॉ0 मुक्ता बाखला, डॉ0 मोनिया राकेश सिंह, श्रीमती वंदना बंजारे उपस्थित थीं एवं श्री विमल यादव, श्री विजय चन्द्राकर, श्री ओम ध्रुव, श्री बल्ला वैष्णव, श्री रामदास ने सहयोग दिया।

*टीप – छात्रहित में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

**(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)**
**प्राचार्य**
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

# राष्ट्रीय ग्रामीण स्वच्छता अभियान का आयोजन







